सुविचार

हर अनिश्चितता खतरा नहीं होती, कई बार वही नए अवसर का दरवाजा खोलती है।

कुल पेज 24, मूल्य ₹ 5.00 (मधुरिमा)
वर्ष 9, अंक 231, महानगर

देश का नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

सेंसेक्स	75,200.85		-114.19
डॉलर	96.70		+0.50

तापमान (डिग्री सेल्सियस)	अधिकतम	न्यूनतम	आज का अनुमान (अधिकतम)
जयपुर	43.2	31.3	42.0
दिल्ली	45.5	27.4	45.0
मुंबई	33.2	27.5	33.0

देश में सबसे गर्म बांदा (48.2°) | प्रदेश में सबसे गर्म चित्तौड़गढ़ (46.3°)

झुंझुनूं, राजस्थान, बुधवार, 20 मई, 2026 | प्रथम ज्येष्ठ (अधिक), शुक्ल पक्ष-4, 2083 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़े का समापन हुआ, पुरस्कार वितरित किए

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर में आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की।

वरिष्ठ प्रसूति व स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि गाडिया विशिष्ट अतिथि रहीं। समारोह में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल, प्रमोद तंवर, डॉ. अयन बंद्योपाध्याय, डॉ. रंजन, प्रशासन नियंत्रक मधुरंजन पाण्डेय उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. पंचारिया ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है जब वह हमारे दैनिक व्यवहार एवं कार्य संस्कृति का स्थायी हिस्सा बने। विशिष्ट अतिथि डॉ. सृष्टि गाडिया ने 'कूल एंड हेल्दी समर' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए आवश्यक सावधानियों, व्यक्तिगत स्वच्छता, कार्यस्थल पर स्वच्छ आदतों तथा स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वच्छता पखवाड़ा : छोटे प्रयास, बड़ा बदलाव विषयक भाषण प्रतियोगिता में तकनीकी सहायक आकृति बाजपेयी ने प्रथम स्थान, तकनीशियन माया ने द्वितीय स्थान तथा पीएचडी छात्र धनराज नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद तंवर ने स्वच्छता पखवाड़े की जानकारी दी। अंत में डॉ. सुचंदन पाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया।

सीएसआईआर में स्वच्छता पखवाड़े के विजेताओं का सम्मान करते हुए।